3

कार्यालय – अध्यक्ष, वाणिज्य कर अधिकरण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
परिपत्र संख्या–वा0क0अधि0/ए.सी. क्रय /598 /2026 दिनांक– 11 फरवरी, 2026

समस्त सदस्य,
वाणिज्य कर अधिकरण,
अन्तर्गत उत्तर प्रदेश।

राज्य कर अनुभाग–4, उत्तर प्रदेश, शासन लखनऊ के कार्यालय ज्ञाप संख्या–207/11–4–2025/1914216 दिनांक 07.04.2025 द्वारा उक्त पुराने हो चुके ए.सी के स्थान पर नये ए.सी. क्रय कर स्थापित किये जाने हेतु आलोच्य वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु मद संख्या–12 कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण के मद में रू0 20,00,000.00 की धनराशि आवंटित की गयी है।

अतएव मुख्यालय सहित 31 पीठ कार्यालयों में लगे 11 वर्ष पुराने ए.सी. में निरन्तर तकनीकी समस्या उत्पन्न होने के कारण नया ए.सी. क्रय किये जाने के संबंध में पत्र प्राप्त होते रहते हैं। उक्त तथ्य को संज्ञान में लेते हुए पुराने ए.सी. के स्थान पर नया ए.सी. क्रय कर लगाये जाने के निर्देश दिये जाते हैं।

उल्लेखनीय है कि न्यायिक सदस्य, वाणिज्य कर अधिकरण, पीठ–प्रथम, लखनऊ के चैम्बर हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए एक अदद ए.सी. क्रय किये जाने हेतु मानक मद संख्या–12 से धनावंटन की कार्यवाही की जा चुकी है।

उक्त के अनुक्रम में अधिकरण अधिष्ठान के 30 पीठ कार्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि वह पीठासीन अधिकारियों के चैम्बर हेतु किसी प्रतिष्ठित कम्पनी का, कार्यस्थल की सुविधानुसार 1 अदद स्पिलट/बिण्डो ए.सी. क्षमता 1.5 टन 5 स्टार रू0 50,000/– की सीमा तक जेम पोर्टल के माध्यम से 15 दिवस के अंदर क्रय कर प्रतिस्थापित किये जाने की कार्यवाही सम्पादित करते हुए आहरण एवं वितरण अधिकारी कार्यालय को इस संबंध में सूचना प्रेषित करें। साथ ही मुख्यालय के वरिष्ठ सहायक बजट को निर्देशित किया जाता है कि सम्बन्धित आहरण वितरण अधिकारी कार्यालयों को रू0 50,000/– प्रति ए0सी0 की दर से धनावंटन की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

ह0– 11.02.2026
(रमेश चन्द – प्रथम)
एच0जे0एस0
अध्यक्ष, वाणिज्य कर अधिकरण,
उत्तर प्रदेश,लखनऊ।

पृष्ठांकनः: संख्या व दिनांक उक्त।

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– निबन्धक वाणिज्य कर अधिकरण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
2– वरिष्ठ सहायक (बजट) मुख्यालय को इस निर्देश के साथ कि मानक मद 12–कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण मद में उपरोक्तानुसार आहरण वितरण अधिकारियों को धनावंटन की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।
3– वरिष्ठ सहायक लेखा, मुख्यालय।
4– वेब अधिकारी मुख्यालय।

आज्ञा से,
11/02/2026

प्रशासनिक अधिकारी
वाणिज्य कर अधिकरण,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।